12.10 hrs.

RE. CALLING ATTENTION NOTICE

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : अध्यक्ष महोदय, एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

श्री रामसेवक यादव (बाराबंकी) : अध्यक्ष महोदय, एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

अध्यक्ष महोदय : मैंने पहले भी कहा है कि जब एक काम ख़त्म हो और दूसरा अभी शुरू न हो, तो कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठ सकता है ।

श्री ओंकार लाल बेरवा : वह काम ख़त्म हो गया है और अब दूसरा है ।

अध्यक्ष महोदय : दूसरा क्या है ?

श्री ओंकार लाल बेरवा : आप दूसरा काम हाथ में ले रहे थे ।

अध्यक्ष महोदय : जब मैं हाथ में लूंगा, तो माननीय सदस्य उसके बारे में व्यवस्था का प्रश्न उठा सकते हैं । अब वह बैठ जायें ।

श्री रामसेवक यादव : अध्यक्ष महोदय, ...

अध्यक्ष महोदय : आप क्या कहना चाहते हैं ?

श्री रामसेवक यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हम लोगों ने कई ध्यानाकर्षण नोटिस दिये थे ।

अध्यक्ष महोदय : उनके बारे में मैं यहां नहीं सुनूंगा ।

श्री रामसेवक यादव : श्रीमन, आपने एक हफ्ते तक उनको अपने विचाराधीन रखा । वह दातार वाला प्रश्न है । हमको पता नहीं चला कि आपने क्यों मना किया है । वह इतना महत्वपूर्ण प्रश्न है ।

अध्यक्ष महोदय : क्या आप दातार साहब के बारे में कह रहे हैं ?

श्री रामसेवक यादव : जी हां :

अध्यक्ष महोदय : क्या आपको इत्तिला नहीं दी गयी कि वह ग़लत है ?

श्री रामसेवक यादव : हम लोगों को इत्तिला नहीं दी गई कि वह ग़लत है ।

श्री कछवाय (देवास) : अभी इत्तिला नहीं मिली है ।

अध्यक्ष महोदय : तो मैं आपको अब इत्तिला देदा हूं कि वह ग़लत है और दातार साहब के साहबजादे ने उस शख़्स पर डिफ़ेमेशन का नोटिस दे दिया है, जिस ने यह ख़बर छापी है ।

श्री कछवाय : क्या समाचारपत्रों में उसका प्रतिवाद प्रकाशित किया गया है या नहीं ?

श्री राम सेवक यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं एक जानकारी चाहता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : मैं इस तरह की जानकारी नहीं दे सकता हूं । आप बैठ जायें । वक्त आने पर मैं आपसे पूछ लूंगा कि आप क्या चाहते हैं ।

12.13 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

REPORT OF COMMITTEE ON PREVENTION OF CORRUPTION

The Minister of Home Affairs (Shri Nanda): I beg to lay on the Table a copy of Report of the Committee on Prevention of Corruption. [*Placed in Library. See* No. LT-2620/64].

Shri Hari Vishnu Kamath: (Hoshangabad): Sir, on a point of information. Do the Government propose to accept